तापमान
अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, रविवार, 3 मार्च , 2024

13 202719 बच्चों को 899 बूथों पर पिलाई जाएगी पोलियो ड्राप्स


14 गोहाना में हुआ बीजेपी चुनाव कार्यालय का उद्घाटन


## खबर संक्षेप

### हरियाणा सब जूनियर वुशु का ट्रायल आज

खरखौदा। हरियाणा सब जूनियर वुशु चैम्पियनशिप 14 व 15 मार्च को गन्नौर, सोनीपत में आयोजित की जाएगी। सोनीपत टीम के चयन के लिए ट्रायल 3 मार्च को प्रताप स्कूल खरखौदा में होगा। यह जानकारी देते हुए सोनीपत वुशु एसोसिएशन के सचिव विनोद गुलिया ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 3 मार्च को सुबह 9 बजे प्रताप स्कूल में अपने जन्म प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड व 2 पासपोर्ट साइज की फोटो साथ लेकर आएं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी चैम्पियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### प्रॉपर्टी विवाद में बड़े भाई पर मारपीट का आरोप

**गन्नौर** । प्रॉपर्टी विवाद के चलते बड़े भाई ने अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है । पुलिस को दी शिकायत में गन्नौर के महादेव नगर निवासी अनुज पुत्र मांगेराम ने बताया कि मेरे बड़े भाई मनीष के साथ करीब एक साल से प्रोपर्टी को लेकर विवाद चला हुआ है। 29 फरवरी को करीब 4 बजे वह जीटी रोड स्थित मॉडर्न कान्वेंट स्कूल में गांव चिरस्मी में मौजूद था कि अचानक मनीष वहाँ पर आ गया और आते ही बिना कुछ बताए मुझको पाइप से पीटा और उसकी पत्नी से भी मारपीट की।

### तीन युवकों पर मारपीट का आरोप, केस

**गन्नौर**। बड़ी गांव में 29 फरवरी की शाम को शराब के नशे में तीन युवकों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपित युवक ऑटो में बैठकर फरार हो गए । हमले में घायल युवक ने मामले की शिकायत बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र थाना पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में दिनेश उर्फ पप्पू गांव बडी ने बताया कि 29 फरवरी की शाम को करीब 8 बजे वह गांव के अड्डा पर बैक आफ बरोदा के सामने से जा रहा था तो मेरे गांव के ही साहिल , नवीन व भोला तीनो सड़क पर खड़े थे और शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे। मैंने उनको गाली गलौज करने से रोका तो वह मुझे भी गालियां देने लगे। उसके बाद साहिल व नवीन अपनी अपनी बेल्ट निकाल कर मेरे ऊपर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान जब मैंने शोर मचाया तो शोर सुन कर भीड को आता देख तीने मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए भोला के आटो मे भाग गए। घायल अवस्था में पीपली खेड़ा गांव के नरेंद्र ने मेरी हालत को गंभीर देखते हुए खानपुर मेडिकल रेफर कर दिया। शिकायत में बात की 1 मार्च को अस्पताल से उपचार के बाद जब छुट्टी हुई तो उसके बाद पुलिस को शिकायत दी है।

## सोनीपत, खरखौदा व राई खंड में आधे घंटे तक पड़े ओले

# सड़कों से खेतों तक बिछ गई सफेद चादर, फसलों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शनिवार को अचानक से मौसम में हुए बदलाव के चलते जिले में जमकर बारिश हुई। बारिश के साथ सोनीपत, खरखौदा व राई खंड में आधे घंटे तक ओलावृष्टि हुई। जिससे सड़कों व खेतों में सफेद चादर बिछ गई। राई खंड के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि से आधे से करीब एक फुट तक बर्फ की चादर जम कई। जिले में औसतन 7.16 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों व सब्जियों की फसल के नष्ट होने की आशंका बढ़ गई है। जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो रविवार को भी बारिश का दौर जारी रह सकता है, वहीं जिले में कुछ स्थानों पर मध्यम ओलावृष्टि होने के आसार हैं।

■ रविवार को भी बारिश की संभावना
■ अचानक बदले मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता

दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ को देखते हुए मौसम विशेषज्ञों ने 3 मार्च तक बारिश व कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने के आसार जताए थे। शनिवार को सुबह से ही आसमान काले बादलों से घिरा रहा। हालांकि दिन में बादलों व सूर्य के बीच लुकाछिपी चलती रही। शाम होते ही अचानक तेज हवाएं चलने लगी और बारिश शुरू हो गई। 19 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि से अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.2 व न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बारिश के बाद शहर के गीता भवन चौक, ककरोई चौक सहित विभिन्न मार्गों पर जलभराव हो गया।





### 1.50 लाख हेक्टेयर में गेहूं की बिजाई

जिले में 1.50 लाख हैक्टेयर भूमि में गेहूं व करीब पांच हजार हैक्टेयर भूमि में सरसों की फसल उगाई गई है। शनिवार को तेज हवाओं के साथ आई बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। सबसे अधिक नुकसान पकने की कगार पर पहुंच चुकी सरसों की फसल में हो सकता है। वहीं तेज हवाओं से कुछ स्थानों पर गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है। जिससे उत्पादन पर विपरित प्रभाव पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि ओलावृष्टि से अगले तीन दिन में नुकसान का सही आंकलन हो पाएगा। किसानों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द गिरदावरी करवाई जाए और 100 फीसदी मुआवजा दिया जाए।

### खंड वाइज बारिश

| खंड | बारिश |
|---|---|
| सोनीपत | 15 |
| गन्नौर | 02 |
| गोहाना | 02 |
| खरखौदा | 10 |
| खानपुर कलां | 02 |
| राई | 12 |



### पश्चिमी विक्षोभ के चलते बदला मौसम

जिले में अभी पश्चिमी विक्षोभ का असर बरकरार रहेगा। जिससे रविवार को भी कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। सोमवार के बाद पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होगा। उसके बाद ही मौसम साफ होगा। हालांकि ओलावृष्टि के कारण ठंड बरकरार रहेगी।

-डॉ. प्रेमदीप, कृषि विज्ञानी, मौसम विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर

# सिल-बट्टे से हमला कर की थी हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव कुंडली में अपने गांव के युवक को किराए के कमरे पर लेकर आने के बाद उसकी सिल-बट्टा (पत्थर) से हमला कर हत्या करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के गांव खेकड़ा निवासी आकाश चौधरी है। उसने पुलिस को बताया है कि युवक ने उनके पिता के खिलाफ पुलिस को शिकायत देकर उनका अपमान किया था। जिसके चलते ही शराब पिलाकर वह उसे कमरे पर लेकर आया था। युवक के नशे में गाली दी तो गुस्सा और बढ़ गया और उसने वारदात को अंजाम दिया। आरोपित को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला हाथरस की ईदगाह कॉलोनी शादाबाद निवासी पूजा ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह कुंडली में कृष्ण के मकान में किराए पर रहती हैं। उनके पड़ोस में किराए के कमरे में मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के गांव खेकड़ा निवासी आकाश चौधरी भी अपनी पत्नी मोना के साथ रहता है। उन्होंने बताया था कि वीरवार शाम को उन्हें आकाश चौधरी के कमरा नंबर 19 से लड़ाई झगड़े का शोर सुनाई दिया था तो वह वहां गई गई थी। उन्होंने देखा था कि आकाश एक युवक को पत्थर से पीट रहा था। उसने व उसकी पत्नी मोना ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आकाश चौधरी उनके साथ भी झगड़ा करने लगा था। बाद में वह भाग गया था। युवक ने दम तोड़ दिया था। युवक की पहचान गांव खेकड़ा के शाह गार्डन निवासी संदीप उर्फ सन्नी के रूप में हुई थी। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कुंडली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस ने आकाश चौधरी को उसके कमरे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

■ कुंडली में हुई थी वारदात, आरोपित को दो दिन के रिमांड पर लिया

### ये था मामला

पुलिस के सामने आरोपी ने बताया कि उनके गांव में एक बेसहारा गोवंश की मौत हो गई थी। जिसमें ग्रामीणों व उनके पिता रमेश चौधरी ने गोवंश को दफना दिया था। जिसका पता लगने पर पुलिस गांव में आई थी। जब पुलिस ने पूछा तो संदीप उर्फ सन्नी ने पुलिस के सामने उनके पिता का नाम ले दिया था। तब पिता को शर्मसार होना पड़ा था। संदीप उसका गांव में दोस्त रहा है। उसकी इस हरकत से वह उससे रंजिश रखने लगा था। संदीप के उसके पास आने पर उसने शराब पिलाकर वारदात को अंजाम दे दिया।

### रिमांड पर लिया

हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है । आरोपी ने पिता की शिकायत दिए जाने व शराब के नशे में गाली देने की रंजिश में वारदात को अंजाम देना कबूला है। रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है। पूरी सच्चाई को सामने लाया जाएगा।

इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार, थाना प्रभारी

## ओमेक्स सिटी में कपड़ा व्यापारी ने फंदा लगाया

**सोनीपत**। बहालगढ़ थाना क्षेत्र में ओमेक्स सिटी स्थित फ्लैट में संदिग्ध हालत में कपड़ा व्यापारी का शव फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल से नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों के अनुसार कपड़ा व्यापारी मानसिक परेशान चल रहा था। जिसके चलते उसने फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हसनपुर कुराड़ निवासी मुकेश ने बताया कि उसका भतीजा सचिन आंतिल (36) दिल्ली में कपड़े का काम करता था। उसने हाल में ओमेक्स सिटी में फ्लैट खरीदना था। जिसका बयाना उसने दिया हुआ था। गत 1 मार्च को देर शाम सूचना मिली कि उसने ओमेक्स सिटी स्थित फ्लैट में फंदा लगा लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल की टीम को बुलाकर नमूने एकत्रित किए। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां परिजनों को बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

■ परिजन बोले मानसिक रूप से परेशान चल रहा सचिन

## मंदिर से पूजा कर लौट रही महिला के साथ मारपीट

**सोनीपत**। बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दीपालपुर में मंदिर से पूजा करके घर लौट रही महिला से मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। उसके बाद परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपित महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव दीपालपुर निवासी इंद्रावती ने बताया कि उसक बेटे प्रमोद ने जसौर खेड़ी झज्जर निवासी युवती से प्रेम विवाह किया हुआ है। प्रियंका की बुआ भी उसके गांव दीपालपुर में शादीशुदा है। वह शनिवार को घर से मंदिर में पूजा करने के लिए गई थी। मंदिर से वापिस लौटते समय सरला नाम की महिला ने उसके साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। गाली-गलौच का विरोध किया तो उस पर डंडे से हमला कर दिया। उसे नीचे गिराकर मारपीट की। उसके बाद भीड़ इक्ट्ठी होती देख उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गई। घायल अवस्था में उपचार के लिए परिजन अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। खानपुर में उपचार के बाद परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर आ गए।

■ महिला की हालत गंभीर, निजी अस्पताल में उपचाराधीन




## जिले में 84 परीक्षा केंद्रों पर 10वीं का था पेपर

# हिंदी के पेपर में 14 नकलची पकड़े कई जगह चली जमकर पर्चियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू हुई थी। शनिवार को 10वीं कक्षा का हिंदी विषय का पेपर हुआ। मातृभाषा का पेपर होने के बावजूद विद्यार्थी नकल करने से बाज नहीं आए। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा को नकल रहित संचालित करने का दावा इस बार भी पूरा नहीं हो सका। शनिवार को जिले के 84 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई 10वीं कक्षा के हिंदी विषय के पेपर में नकल के 14 मामले पकड़े गए। परीक्षा शुरू होते ही कई परीक्षा केंद्रों में युवा दीवार पर चढ़े नजर आए। नकल करवाने के लिए युवा प्रश्नपत्र में पूछे गए प्रश्नों को जानने के लिए दीवार फांदकर खिड़कियों से झांकते रहे। कई परीक्षा केंद्रों पर पर्चियों पर प्रश्न लिखकर बाहर भेजने की भी बात सामने आ रही है।



हालांकि शिक्षा अधिकारियों ने इस प्रकार की किसी भी बात से इनकार किया है। शिक्षा बोर्ड की तरफ से गठित की गई फ्लाइंग टीमों ने जिले में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए 14 विद्यार्थियों को नकल करते पकड़े। जिनके यूएमसी बनाए गए हैं। कई परीक्षा केंद्रों के बाहर युवाओं का जमावड़ा लगा रहा। युवा दीवारों पर चढ़कर खिड़कियों के सहारे पर्चियां डालने के लिए भागदौड़ करते रहे। वहीं परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मी बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए भागदौड़ करते रहे। शहर के जटवाड़ा में बनाए गए परीक्षा केंद्र में बाहरी हस्तक्षेप अधिक नजर आया। बाहरी तत्व दीवार फांदकर खिड़कियों के सहारे पर्चियां अंदर पहुंचाते रहे। हालांकि पुलिस ने बाहरी तत्वों को रोकने के लिए खूब भागदौड़ की। पुलिस के प्रयासों के बावजूद बाहरी तत्वों पर रोक नहीं लग पाई। पेपर शुरू होने से लेकर खत्म होने तक बाहरी हस्तक्षेप जारी रहा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने इस बार नकल रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर जहां सीसीटीवी की व्यवस्था की गई है। वहीं बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिले के सात संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केंद्र है।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में शनिवार को 10वीं कक्षा के हिंदी विषय का पेपर हुआ। बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए नकल के 14 मामले पकड़े हैं। बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं।

डॉ. वीपी यादव, अध्यक्ष, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड



# जब शेयर बाजार में हो झमाझम तो बदलावों को पहचानना जरूरी

**सुझाव** | बिजनेस डेस्क

*शेयर बाजार में लगातार तेजी दिख रही है। आखिर ऐसा क्यों नहीं हो। इस समय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। सभी क्षेत्रों में अवसर खुल रहे हैं। लेकिन इसमें भी साइकिल चलता है। इस साइकिल में वक्त को पहचानना बड़ी कला है। इसलिए निवेशक म्यूचुअल फंड में बिजनेस साइकिल फंड को तरजीह देते हैं। ऐसे में निवेशकों को भी समझदारी के साथ निवेश करना चाहिए, वरना नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।*

भारतीय इक्विटी बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज शेयर बाजार बढ़कर खुला। लगातार कारोबारी सत्र के दौरान शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला जारी रहा था। बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली चुनिंदा कंपनियों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में तेजी आई है। आखिर तेजी क्यों नहीं आए? इस समय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। इसलिए सभी क्षेत्रों में अवसर खुल रहे हैं। हालांकि आर्थिक भाग्य और व्यक्तिगत व्यवसायों की किस्मत दोनों चक्रीय हैं। यह पिछले प्रदर्शन को भविष्य के लिए अविश्वसनीय मार्गदर्शक बनाता है। यदि पीछे मुड़ कर देखें तो पिछले दो दशकों में भारतीय बाजार का नेतृत्व करने वाले क्षेत्रों और शेयरों में भारी बदलाव आया है। जब शेयर बाजार में झमाझम हो तो निवेशकों को भी संयम और समझदारी के साथ निवेश कर अपनी पूंजी को बढ़ाना चाहिए। इससे निवेशक बिना किसी नुकसान के अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### अर्थव्यवस्था के कई मोड़

बाजार के जानकारों का कहना है कि साल 2003-04 के बाद 2011 और 2013 के बीच अगला महत्वपूर्ण मोड़ आया और उसके बाद 2016 आया जब नोटबंदी की घोषणा की गई। इनमें से प्रत्येक चरण के दौरान कुछ क्षेत्र प्रमुखता में आए। ऐसे चरण को तब पहचानना कठिन होता है जब कोई उनसे गुजर रहा हो। यहीं पर बिजनेस साइकल आधारित निवेश का समय आता है। सतपती के मुताबिक, बिजनेस साइकल फंड में निवेश आम तौर पर मैक्रोज पर आधारित होता है और इसमें अलग-अलग विशेषताएं होती हैं। पहली टॉप-डाउन दृष्टिकोण जो थीम बदलावों की पहचान करने में आगे है। यह पूरे ब्रह्मांड में अवसरों को भुनाने के लिए मार्केट कैप के आधार पर निवेश करती है। खासकर उन चुनिंदा विषयों पर अधिक ध्यान दी जाती है, जहां दृढ़ विश्वास है उन थीम और क्षेत्रों में उच्च और केंद्रित महत्व जहां कोई व्यक्ति क्षमता के प्रति आश्वस्त हो।

### बदलाव की पहचान करें

बाजार के विशेषज्ञ बताते हैं कि इस तरह के निवेश के लिए टॉप-डाउन दृष्टिकोण के साथ-साथ क्षेत्र और व्यावसायिक बदलावों की पहचान करने में उच्च स्तर की निपुणता की जरूरत होती है। क्योंकि, बाजार का नेतृत्व करने वाले विषय और क्षेत्र तेजी से बदल सकते हैं। ऐसे निवेशक के लिए, जो ऐसी थीम में निवेश करना चाहता है, यह समझना जरूरी है कि निवेश करते समय उसे दीर्घकालिक दृष्टिकोण रखना चाहिए क्योंकि कॉल आने में कुछ समय लग सकता है।

### बिजनस साइकिल पर आधारित फंड

म्यूचुअल फंड बाजार पर नजर डालें तो बिजनेस साइकल पर आधारित कई फंडों के ऑफर हैं। इस क्षेत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड रहा है। फंड का तीन साल का ट्रैक रिकॉर्ड है और इसने अब तक शानदार रिटर्न दिया है। शुरुआत यानी तीन साल पहले से किसी निवेशक ने यदि एसआईपी के माध्यम से 10,000 रुपये का मासिक किया होगा तो अभी तक का उनका कुल निवेश 3.6 लाख रुपये का होगा। 1 जनवरी 2024 तक इस निवेश का मूल्य 5.23 लाख रुपये होगा, यानी पूंजी में 1.63 लाख रुपये की बढ़त। यह 26.8% का सीएजीआर रिटर्न दर्शाता है।



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

**जहां निवेश कर रहे हैं एक बार उस कंपनी के बारे में जान लें**

■

**आपकी पूंजी को कई गुना तक बढ़ा सकते हैं म्युचुअल फंड**

## एसआईपी के जरिये निवेश कर कमा सकते हैं मोटा मुनाफा, अपने लक्ष्य तय करके निवेश की योजना बनाएं

# अगले तीन साल में पैसों की बरसात कर सकते हैं इक्विटी म्युचुअल फंड

*आज हर इंसान अपने परिवार को करोड़पति बनना देखना चाहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों को शानदार रिटर्न देने वाले म्युच्युअल फंड की जानकारी नहीं होती है। इस कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यहां तक कि कई बार तो गलत जगह निवेश कर नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करने से पहले एक बार बाजार के रुख को समझ लेना चाहिए। किसी वित्तीय सलाकार से भी मदद ले सकते हैं।*

आजकल हर कोई अमीर बनना चाहता है और इसके लिए कोई न कोई जतन जरूर कर रहा है। अगर आप भी ईमानदारी से पैसे कमाकर अमीर बनना चाहते हैं तो पहले अपने लक्ष्य तय करें और लंबी अवधि के लिए निवेश करें। इससे आप कुछ ही समय में अमीर यहां तक की करोड़पति भी बन सकते हैं। आज हर इंसान अपने परिवार को करोड़पति बनना देखना चाहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों को शानदार रिटर्न देने वाले म्युच्युअल फंड की जानकारी नहीं होती है। इस कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यहां तक कि कई बार तो गलत जगह निवेश कर नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करने से पहले एक बार बाजार के रुख को समझ लेना चाहिए। किसी वित्तीय सलाकार से भी मदद ले सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे पांच म्युचुअल फंड के बारे में जो अगले तीन सालों में आपकी पूंजी को कई गुना तक बढ़ा सकते हैं और आपको मालामाल कर सकते हैं। ये फंड आपके लिए पैसों की बरसात कर सकते हैं।



### क्वांट फ्लेक्सी कैप फंड

क्वांट फ्लेक्सी कैप म्यूचुअल फंड का नाम बाजार में इस समय काफी अच्छा खासा है बात करें इस म्यूचुअल फंड की तो इसने बीते 3 वर्षों से हर वर्ष अपने निवेशकों को करीब 34% के आसपास का रिटर्न दिया है जो की काफी अच्छा माना जाता है। अगर हम बात करें इस म्युचुअल फंड की शुरुआत के बारे में तो इस म्युचुअल फंड की शुरुआत 17 अक्टूबर 2008 को हुई थी। इस समय यह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और निवेशकों को मालामाल कर रहा है। इसलिए आप भी इस फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं।

### क्वांट स्मॉल कैप फंड

क्वांट स्मॉल कैप म्यूचुअल फंड ने निवेशकों की किस्मत ही बदलकर रख दी है इस म्युचुअल फंड के अंदर पैसा निवेश करोगे तो यह पैसा शेयर बाजार की जाकर छोटी कंपनियों में लगेगा वहां पर जो रिटर्न निकलेगा वह रिटर्न आपको प्रदान कर दिया जाएगा। बात करें इस म्युचुअल फंड की शुरुआत के बारे में तो यह म्युचुअल फंड 29 अक्टूबर 1996 को शुरू हुआ था आप भी इस म्युचुअल फंड के अंदर अपना पैसा निवेश कर सकते हो। बीते 3 वर्षों से लगातार हर वर्ष इस म्युचुअल फंड ने अपने निवेशकों को 30% के आसपास का रिटर्न दिया है जो की काफी अच्छा माना जाता है अगर लंबे समय की अवधि में देखा जाए।

### क्वांट मिडकैप फंड

क्वांट मिडकैप म्युचुअल फंड ने भी अपने निवेश को की खूब कमाई करवाई है बात करें म्युचुअल फंड के रिटर्न के बारे में तो इस म्युचुअल फंड ने अपने निवेशकों को करीब हर वर्ष 28% के आसपास का रिटर्न दिया है बात करें इस म्युचुअल फंड की शुरुआत के बारे में तो यह म्युचुअल फंड 20 मार्च 2001 को शुरू हुआ था आपकी जानकारी के लिए बता दें यह म्युचुअल फंड शेयर बाजार में पैसा लगता है यह म्युचुअल फंड शेयर बाजार की कंपनियों पैसा डालेगा जिनका केपीटलाइजेशन 50ए000 करोड़ से भी ज्यादा है। निवेश के मामले में यह भी बहुत बढ़िया विकल्प हो सकता है।

### एचएसबीसी स्मॉल कैप फंड

एचएसबीसी स्मॉल कैप म्युचुअल फंड के अंदर भी लाखों लोगों ने पैसा निवेश किया है इस म्युचुअल फंड ने भी लगातार 3 वर्षों तक हर वर्ष अपने निवेशकों को 35% के आसपास का रिटर्न दिया है आप इस म्युचुअल फंड के अंदर निवेश करते हो तो यकीन मानीय आप काफी कम अवधि में काफी सारा पैसा बना सकते हो। बढ़िया रिटर्न देने के मामले में भी यह म्युचुअल फंड काफी शानदार रहा है इसमें आपको जोखिम का सामना करना पड़ेगा औ उस पर आपको रिटर्न भी काफी अच्छा मिलता है।

### निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड

यदि आप म्युचुअल फंड के जरिए शेयर बाजार में निवेश करना पसंद करते हो तो आप निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड के अंदर भी पैसा डाल सकते हो बात करें इसके रिटर्न के बारे में तो इसने भी अपने निवेशकों को खूब कमाई कराई है। इस म्युचुअल फंड में भी लगातार 5 वर्षों से अपने निवेश को हर वर्ष 31% के आसपास का रिटर्न दिया है जो की काफी अच्छा माना जाता है। इस म्युचुअल फंड के अंदर निवेश करते हो तो थोड़ा जोखिम भी ज्यादा रहेगा, लेकिन इसमें आपको रिटर्न भी काफी तगड़े मिलने वाले हैं यदि आप लंबे समय के लिए पैसा डालते हो तो तो फिर आपका पैसा 100% बढ़ाने वाला है।

*डिस्क्लेमरः यहां बताए गए स्टॉक्स ब्रोकरेज हाउसेज की सलाह पर आधारित हैं। यदि आप इनमें से किसी में भी पैसा लगाना चाहते हैं तो पहले सर्टिफाइड इनवेस्टमेंट एडवायजर से परामर्श कर लें। आपके किसी भी तरह की लाभ या हानि के लिए लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।)*

## पैसा बनाने ये 'फॉर्मूला' समझ गए तो बनेंगे अमीर -निवेश करने से पहले फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी

# लंबी अवधि के लिए करें निवेश, खूब बरसेगा धन

## निवेश जितना जल्दी शुरू करेंगे, उतना लाभ मिलेगा इन्वेस्टमेंट लंबी अवधि के लिए होना चाहिए

**जानकारी** | बिजनेस डेस्क

अगर आप भी अमीर बनने के लिए निवेश का कोई जुगाड़ ढूंढ़ रहें हैं तो पहले अपनी फाइनेंसिंग प्लानिंग तैयार कर लें। इसके बाद अपने लक्ष्य तय करें और लंबी अवधि के निवेश का प्लान बनाएं, फिर देखना आपको अमीर बनने से कोई नहीं रोक सकता। निवेश पर मिलने वाले ब्याज का ब्याज ही आपको बेहद कम समय में अमीर बना देगा। बस आपको यह ध्यान रखना होगा की किसी परिस्थित में निवेश की गाड़ी को रुकने नहीं देना है। इसके बाद सबकुछ भूल जाइये और इनकम देखिये। पैसा कमाना आसान काम नहीं है, लेकिन, उससे भी मुश्किल है उस पैसे से पैसा बनाना। यहां काम आता है निवेश। फिर भी निवेश से आप उतना नहीं हासिल कर सकते, जितना सोचा हो। फिर ढूंढ़ते हैं कि ब्याज कहां ज्यादा मिलेगा। किस प्रोडक्ट में पैसा लगाएं। बस यहीं काम आता है कम्पाउंडिंग का फॉर्मूला। अगर आप कम्पाउंड इंट्रस्ट की ताकत को समझ लेते हैं तो आपको धनवान बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। कुछ समय में रिच से सुपर रिच तक बन जाएंगे। कहा भी गया है कि पैसा 24 घंटे काम करता है, जबकि व्यक्ति तो 8, 10 या 12 घंटे तक ही काम कर पाता है।

> **"आपको यह ध्यान रखना होगा कि किसी परिस्थिति में निवेश की गाड़ी को रुकने नहीं देना है। इसके बाद सबकुछ भूल जाइये और इनकम देखिये। पैसा कमाना आसान काम नहीं है, लेकिन उससे भी मुश्किल है, उस पैसे से पैसा बनाना।**



**क्या है कम्पाउंड इंट्रस्ट ? :** अब हम आपको समझाते हैं कंपाउंडिंग का गणित जो आपको बेहद कम समय में ही धनवान बनाने का माद्दा रखता है। चक्रवृद्धि ब्याज बचपन में स्कूल में भी इसे पढ़ाया जाता है, लेकिन, हकीकत में इसकी ताकत सिर्फ एक इन्वेस्टर को ही समझ आती है। आसान तरीके से समझें तो निवेश करने पर जो आपको ब्याज मिल रहा है, उस पर जो ब्याज मिलेगा वो कम्पाउंडिंग कहलाता है। मूलधन के साथ उसके ब्याज पर भी ब्याज मिलता है। कम्पाउंडिंग आपके निवेश को दोगुना, तीन गुना करने का सबसे बढ़िया जरिया है।

### कंपाउंडिंग को ऐसे समझें

**10 साल के 10 हजार की एसआईपी**

- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी (सालाना)
- निवेश की अवधिः 10 साल
- कुल निवेशः 12 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यूः 23,23,391 रुपये
- फायदाः 11,23,391 रुपये

15 साल तक 10 हजार का एसआईपी निवेश

- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधिः 15 साल
- आपका कुल निवेशः 18 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यूः 50,45,760 रुपये
- फायदाः 32,45,760 रुपये

**20 वर्ष तक रु. 10000 एसआईपी निवेश**

- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी सालाना
- निवेश की अवधिः 20 साल
- आपका कुल निवेशः 24 लाख रुपये
- एसआईपी की कुल वैल्यूः 99,91,479 रुपये
- फायदाः 75,91,479 रुपये

### जितना लंबा निवेश, उतना ज्यादा लाभ

कम्पाउंडिंग की ताकत तब समझ में आएगी, जब आप कम उम्र से ही निवेश की शुरुआत करेंगे। जितना ज्यादा वक्त अपने निवेश को देंगे, उतना ही फायदा आपको मिलेगा। 5-10 साल के बजाए 20-25 साल के निवेश पर कम्पाउंडिंग भी ज्यादा होगी। इसलिए कंपाउंडिंग ही आपको आसानी से अमीर बना सकती है। एक निवेशक के तौर पर भी देखा जाए तो हमेशा लंबी अवधि के लिए निवेश करने वाला ही अच्छा मुनाफा कमा पाता है। इसलिए जब भी निवेश करें, लंबी अवधि के लिए पैसा लगाएं।

## मिनटों में हासिल करें पैन नंबर अब एक भी पैसा नहीं होगा खर्च

परमानेंट अकाउंट नंबर (पैन) भारत में एक जरूरी दस्तावेज है, जो फाइनेंस से जुड़े कामों में अनिवार्य है। अगर आपक पास पैन नहीं है तो फाइनेंस से जुड़े कई काम रुक जाएंगे। ऐसे में अगर आपके पास पैन नहीं है तो इसे जल्द से जल्द बनवा लें। अगर आपको तुरंत या 1 से 2 दिन में ही पैन कार्ड की जरूरत है तो आप कुछ मिनटों में ही अपना पैन नंबर ऑनलाइन पा सकते हैं। सरकार इसके लिए आधार कार्ड बेस्ड इंस्टैंट पैन की सुविधा देती है। इसके जरिए आप अपना पैन नंबर मिनटों में हासिल कर सकते हैं।

**ई-पैन कार्ड** में आपके सभी डिटेल के साथ एक क्यूआर कोड होता है, जिसमें नाम, जन्मतिथि, फोटोग्राफ और एक यूनिक 10-डिजिट अल्फान्यूमेरिक कोर्ड शामिल होता है। ऑनलाइन ई-पैन कार्ड के लिए कोई चार्ज भी नहीं देना होता है। इंस्टैंट पैन का उपयोग भी पारंपरिक पैन कार्ड की तरह ही आयकर रिटर्न या आईटीआर जमा करने, आयकर का भुगतान करने, डीमैट खाता या बैंक खाता खोलने, डेबिट या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने जैसे उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

### ऑनलाइन ऐसे हसिल करें

- सबसे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ई-फाइलिंग पोर्टल साइट (**www.incometax.gov.in**) पर जाएं।
- आपको इंस्टैंट पैन का ऑप्शन दिखेगा। उस पर क्लिक करें। गेट ईपैन पर क्लिक करें।
- अब आवेदन पेज ओपन होगा, उसमें अपना 12-डिजिट का आधा कार्ड नंबर दर्ज करें।
- उसके बाद आई कंफर्म दैट चेक बॉक्स को सेलेक्ट करें और 'कांटिन्यू' बटन पर क्लिक करें।
- फिर ओटीपी वेरिफिकेशन के लिए पेज ओपन होगा, शर्तें पढ़कर 'कांटिन्यू' पर क्लिक करें।
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त आधार ओटीपी दर्ज करें और यूआईडीएआई के साथ अपने आधार डिटेल को वेलिडेट करने के लिए सहमत होने के बाद 'वेलिडेट आधार ओटीपी एंड कांटिन्यू' बटन पर क्लिक करें
- सभी वेरिफिकेशन के बाद ईपैन को देखने के साथ डाउनलोड करने का ऑप्शन भी शो हो जाएगा।

# गेमचेंजर सरकारी योजनाएं , महिलाओं, किसानों से कारोबारियों तक को लाभ

जैसे से जैसे देश में लोकसभा का चुनाव पास आ रहा है, 'मोदी की गारंटी' की चर्चा भी तेज हो रही है। खुद पीएम मोदी भी बार बार अपने संबोधनों में 'मोदी की गारंटी' का इस्तेमाल करते हैं। उन्ही के लहजे में कहे तो इन शब्दों के जरिए वह देश के अलग अलग तबके के लोगों के लिए कुछ करने, उन्हें कुछ देने के लिए प्रेरित करते हैं। फिलहाल मौजूदा समय में सरकार द्वारा शुरू की गई कई योजनाएं हैं, जिन्हें 'मोदी की गारंटी' से जोड़कर देखा जा रहा है। बहुत से लोग मानते हैं कि इनमें से कुछ योजनाएं खुद मोदी के लिए आगामी चुनाव में गेमचेंजर साबित हो सकती है, जैसा कि कुछ योजनाओं का पहले भी असर देखने को मिल चुका है। इस रिपोर्ट के जरीये जानते है ऐसी 10 सरकारी योजनाओं के बारे में जो महिलाओं, किसानों, कामगारों से कारोबारियों तक को फायदा पहुंचाएंगी और लोगों को निवेश के लिए भी लुभाएंगी।

**सलाह**
*बिजनेस डेस्क*

- महिला सम्मान बचत पत्र पर मिल रहा 7.5 फीसदी ब्याज
- पीएम विश्वकर्मा के तहत मिल रही 8 फीसदी तक सब्सिडी

### महिला सम्मान बचत पत्र

पिछले साल आम बजट वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार ने महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट 2023 योजना की घोषणा की थी। सरकार ने महिलाओं और लड़कियों को वित्तीय सुरक्षा देने के लिए इस योजना की शुरूआत की। महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट पर सरकार जनवरी से मार्च 2024 के लिए 7.5 फीसदी की दर से ब्याज दे रही है। इसकी मैच्योरिटी 2 साल है। इस योजना के तहत कोई महिला अपनी ओर से या किसी नाबालिग बच्ची की ओर से बतौर अभिभावक अकाउंट खुलवा सकती है। इस खाते में कोई भी अकाउंटहोल्डर 1000 रुपये से लेकर 2,00,000 रुपये तक सालाना जमा कर सकता है। खाता खोलने की तारीख से एक साल बाद योग्य शेष राशि का 40% निकासी किया जा सकता है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना

पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई स्कीम पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को दिए जाने वाले लोन पर सरकार 8 फीसदी तक सब्सिडी दे रही है। यानी इस योजना के तहत कारगर 3 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं, वह भी सिर्फ 5 फीसदी के रियायती ब्याज पर। इस योजना में बढ़ई, स्वर्णकार, लोहार, राजमिस्त्री, पत्थर की मूर्ति तराशने वाले मूर्तिकार, नाई और नाविक से जुड़े 18 क्षेत्र शामिल हैं। सरकार इसके तहत 3 लाख रुपये तक का कर्ज देगी। शुरुआत में 1 लाख रुपये का कर्ज दिया जाएगा और 18 महीने तक पेमेंट करने के बाद बेनेफिशियरी अतिरिक्त 2 लाख रुपये लोन के लिए पात्र होगा। ब्याज दर 5 फीसदी ही रहेगा। इस योजना में लाभार्थी को 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने के साथ 5 दिनों तक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

मोदी सरकार ने इस योजना की शुरुआत कोविड 19 के दौर में मार्च 2020 में की थी। इसके माध्यम से देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन के दौरान इस स्कीम को शुरू करके गरीबों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया गया था। इस स्कीम को मोदी सरकार के लिए बड़ा गेमचेंजर माना जा रहा है, क्योंकि इसका लाभ सीधे तौर पर बहुत बड़ी आबादी को मिल रहा है। मार्च 2020 में लागू होने के बाद यह योजना लगातार आगे बढ़ाई जा रही है। फिलहाल इस योजना को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है।

### पीएम स्वनिधि योजना

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक माइक्रो लोन स्कीम है, जिसकी शुरुआत 01 जून 2020 को हुई थी और इसका उद्देश्य 50,000 रुपये तक बिना किसी गारंटी के लोन की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के तहत सबसे पहले 10 हजार रुपये का लोन मिलता है, इसके बाद समय से लोन देने पर 20 हजार और फिर 50 हजार तक का लोन दिया जाता है। योजना के अंतर्गत, नियमित पुनर्भुगतान को 7 फीसदी ब्याज सब्सिडी के साथ प्रोत्साहित किया जाता है और डिजिटल लेनदेन को प्रति वर्ष 1200 रुपये तक के कैशबैक के साथ पुरस्कृत किया जाता है। यह योजना आधार-आधारित ईकेवाईसी का उपयोग करती है।

### पीएम किसान सम्मान निधि

पीएम किसान सम्मान निधि का ऐलान पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल के पहले किया गया था। इस योजना के तहत देश के छोटे, लघु और सीमांत किसानों को खेती करने में आर्थिक मदद देने के लिए केंद्र सरकार एक साल में 6000 रुपये की सहायता देती है। यह रकम साल में 3 अलग अलग किस्तों में यानी हर 4 महीने पर 2000 रुपये सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं। इस योजना में जमीन, आय के सोर्स और कुछ दूसरे पहलुओं को देखते हुए लाभार्थियों की पात्रता तय की जाती है।

### अटल पेंशन योजना

यह कमजोर आय वर्ग के लिए गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसमें 18 साल से लेकर 40 साल तक की उम्र का कोई भी पात्र निवेशक भाग ले सकता है। इस स्कीम के जरिए 60 की उम्र के बाद हर महीने अधिकतम 5000 रुपये तक की गारंटीड पेंशन का इंतजाम है। पेंशन की राशि आपके निवेश पर निर्भर करती है। भारत का कोई भी नागरिक एपीवाई योजना शामिल हो सकता है। इसके लिए उसका एक बचत बैंक खाता डाकघर/बचत बैंक में होना चाहिए। जितना आप हर महीने जमा करेंगे, उतनी ही राशि सरकार अपनी ओर से जमा करती है।

### उज्ज्वला योजना

मोदी सरकार ने देश की महिलाओं की जिंदगी में बदलाव के उद्देश्य से मई 2016 में उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है और सब्सिडी पर एक साल में 12 गैस सिलिंडर मिलते हैं। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

### आयुष्मान भारत योजना

देश के गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के स्वास्थ्य का खयाल रखने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना चलाई है। इस स्कीम में आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। दवा की लागत, चिकित्सा आदि का खर्च सरकार वहन करती है। इस योजना के पात्र लोग आयुष्मान कार्ड के जरिए सरकार द्वारा लिस्टेड अस्पतालों में मुफ्त में अपना इलाज करवा सकते हैं। केंद्र सरकार इस योजना के विस्तार के लिए भी 'आयुष्मान भव' अभियान चला रही है, जिसके तहत पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना :** यह स्कीम बीमाधारक की डेथ होने की स्थिति में उसके परिवार को 2 लाख तक की आर्थिक मदद दिलाती है। इसमें सिर्फ 436 रुपये सालाना का प्रीमियम भरकर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं। इस पॉलिसी को खरीदने के लिए आपकी न्यूनतम आयु 18 साल, जबकि अधिकतम उम्र 55 साल तय की गई है। बीमा प्रीमियम खाताधारक के खाते से ऑटो डेबिट किया जाता है। पीएमजेजेबीवाई की केंद्रीय बजट 2015-16 के दौरान घोषणा की गई थी।

**प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना :** भारत की बड़ी आबादी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को साल 2015 में शुरू किया गया था। पहले इसका सालाना प्रीमियम 12 रुपये था, जिसे 1 जून 2022 से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया। इस योजना में आपको 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। अगर आपकी उम्र 18 से 70 साल के बीच है तो आप साल में सिर्फ 20 रुपये देकर 2 लाख तक का कवरेज देने वाली इस सुरक्षा बीमा योजना को खरीद सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बरोदा में सरकारी कॉलेज का नया भवन बनेगा

**गोहाना।** बरोदा गांव में राजकीय कॉलेज के लिए जमीन की उपलब्धता को लेकर कॉलेज का प्रतिनिधि मंडल डीसी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों से पंचायती राज विभाग द्वारा दिए गए जमीन के प्रस्ताव का अवलोकन कर रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने डीसी कार्यालय द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग को भेजे गए प्रस्ताव की भी जानकारी जुटाई और विभाग को सूचित किया।

बरोदा गांव में राजकीय कॉलेज के लिए नया भवन बनना है।

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए किया प्रोत्साहित

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ मनोज कुमार के निदेर्शानुसार नेहरू युवा केंद्र, सोनीपत के द्वारा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों व युवा मंडल के युवा सदस्यों के सहयोग से जिले के सभी खंडो में मंत्रालय आदेशानुसार स्थानीय इलेक्शन सेल के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया अभियान के तहत गुरु नानक कॉलेज मुरथल के प्रांगण में चुनाव कार्यालय की ओर से राजकीय उच्च मावि, कैलाना में कार्यरत पीजीटी देवेन्द्र के द्वारा मतदाता पंजीकरण, मतदान का महत्व बताया।

### युवाओं को रोजगार देने में गठबंधन सरकार नाकाम

**गोहाना।** कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही है। कौशल विकास निगम के जरिए युवाओं का शोषण किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि हरियाणा के सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। सरकार इन पदों पर पक्की भर्तियां नहीं कर रही है।

### एनएसएस से जुड़कर समाज सेवा करें छात्र

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने दीप प्रज्वलित और पौधरोपण के साथ किया। यह विशेष कैंप निकटवर्ती गांव गढ़ी बोहर में लगाया गया है। जिसमें विद्यार्थी प्रतिदिन गांवों में विभिन्न प्रकार के जनजागरुकता के सामाजिक कार्यों के साथ ग्रामीणों से रू-ब-रू होंगे।

# 202719 बच्चों को 899 बूथों पर 3386 कार्यकर्ता दो बूंद जिंदगी की पिलाएंगे

## स्वास्थ्य अधिकारी ने अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को किया रवाना

- तीन मार्च से लेकर पांच मार्च तक विभाग चलाएगा विशेष अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से विशेष पोलियो अभियान चलाया जायेगा। विभाग की तरफ से चलाएं जा रहे अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जायेगी। शनिवार को जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने अस्पताल परिसर में पोलियो जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। ताकि आम में जागरूकता लाई जा सके। डा. जयकिशोर ने कहा कि हर बार पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर इस बीमारी पर अपनी जीत को बरकरार रखें। जिला में पोलियो राष्ट्रीय प्रतिरक्षण अभियान के अन्तर्गत



सोनीपत। अस्पताल परिसर में जागरूकतौ रैली को हरी झड़ी दिखाकर रवाना करते हुए।

रविवार 3 मार्च से 05 मार्च मंगलवार तक विशेष पोलियो अभियान के तहत सोनीपत जिला के 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों को बूथ पर पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी।

### हर बच्चे को दवा पिलाई जाएगी

जिले में 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों को बूथ पर पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 202719 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु जिले के ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों में 899 बूथ कार्यरत रहेगें। इन बूथों पर कुल 3386 कार्यकर्ता तैनात रहेंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पिये बगैर ना रहे। *डा. नीरज यादव, उप सिविल सर्जन सोनीपत।*

उन्होंने कहा कि भारत पोलियो मुक्त देश है। पोलियो की खुराक हर बार दिलाए। पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में अपना योगदान दें। पोलियो एक संक्रामक रोग है जो पोलियो विषाणु से मुख्यतः छोटे बच्चों में होता है। यह बीमारी बच्चे के किसी भी अंग को जिंदगी भर के लिए कमजोर कर देती है। बचाव ही इस बीमारी का एक मात्र उपाय है। राष्ट्रीय पोलियो अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को नागरिक अस्पताल सोनीपत से पोलियो जागरूकता रिक्शा रैली निकाली गई, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो खुराक की 2 बूंद पीने से वंचित न रहे। पोलियो जागरुकता रिक्शा रैली को सिविल सर्जन डॉ जय किशोर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उनके साथ उप सिविल सर्जन डा. तरूण यादव, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. नीरज यादव, पोलियो कार्यक्रम सहायक माही व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं शनिवार 02 मार्च को हाई रिस्क क्षेत्र जैसे कि भट्ठा, फैक्ट्री ,निमार्णाधीन स्थल में 5 साल तक के बच्चों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मोबाइल टीम द्वारा पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। इस अभियान में सरकारी वाहनों के अतिरिक्त स्वैच्छिक संगठनों एवं आईसीडीएस विभाग का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।



सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार को श्री प्रजापति धर्मशाला में गुरु दक्ष प्रजापति महाराज की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से होगा चौक का नामकरण : सुरेंद्र

- विधायक सुरेंद्र पंवार ने सारंग रोड स्थित श्री प्रजापति धर्मशाला में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपत विधानसभा में शहर के एक चौक का नामकरण गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से करवाया जाएगा। इसके साथ ही सारंग रोड़ स्थित श्री प्रजापति धर्मशाला में नवीनीकरण का कार्य भी करवाया जाएगा। नामकरण व नवीनीकरण लिए विधायक सुरेंद्र पंवार का समस्त समाज ने धन्यवाद किया।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति महाराज एक बहुत बड़े महान संत थे। जिन्होंने सबसे पहले मानव जाति की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया था। उन्होंने युवाओं को आग्रह करते हुए कहा कि अगर जीवन में कुछ बनना है तो शिक्षित होना बहुत जरूरी है और वह भी अव्वल स्थान के साथ अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी होगी तभी आप अपने जीवन में कामयाब हो सकते हो। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में एकता व भाईचारा बना रहता है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि है उनका सौभाग्य है कि वह शहर में एक चौक का नामकरण जय गुरु दक्ष प्रजापति महाराज के नाम से करवाएंगे। गुरु दक्ष प्रजापति महाराज ने अपना समस्त जीवन समाज के लिए समर्पित किया। अब हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि उनके दिखाई मार्ग पर स्वंय भी व युवा पीढ़ी को भी चलने के लिए प्रेरित करें। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि समाज के सुख-दुख में शामिल होना, उनकी जिम्मेदारी है जिसे वह बखूबी निभाएंगे। भविष्य में भी समाज के हर व्यक्ति के साथ सुख-दुख में साथ रहेंगे। इस दौरान मनीष देव प्रधान, नरेश प्रेमचंद ठेकेदार, मास्टर रामगोपाल, विजेंद्र, मुकेश, रमेश, जोगिंदर, राजवीर दीपक, सूरजभान, सुरेंद्र, प्रदीप, सुनील, धर्मवीर, जोगिंदर सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हाल-ए-नागरिक अस्पताल : बेहतर सुविधा होने के दावों की खुली पोल

# नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में गिर रहा पानी, करंट का भय

### कक्ष में तैनात स्वास्थ्य कर्मी भय के बीच काम करने पर मजबूर

### इमारत की छत से कक्ष में रखी मशीन,औजारों के खराब होने का भय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

नागरिक अस्पताल सोनीपत में प्रबंधन की लापरवाही के चलते आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक व कक्ष में आने वाले मरीजों को उठाना पड़ रहा है। कक्ष में एक मात्र बेड के लघु आप्रेशन कक्ष में छत से कई दिनों से पानी टपक रहा है। कक्ष में तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों को पानी टपकने की समस्या से निजात पाने के लिए कई बार प्रबंधन को अवगत करवाया। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द इमारत की छत से टपक रहे पानी को रोकने के लिए कदम उठाने की बात कही जा रही है। पानी टपकने से अस्पताल की इमारत जर्जर होती जा रही है। वहीं पानी की वजह से बिजली की तारों सहित अन्य उपकरणों में करंट तक आने लगा है। जिसके चलते कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम करने पर मजबूर है। बता दें जिले का नागरिक अस्पताल 200 बेड की सुविधा है। अस्पताल की ईमारत काफी जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते कई हिस्सों में पानी टपकने व सीलन की समस्या का सामान प्रबंधन को करना पड़ रहा है। मरीजों के उपचार करने वाले अस्पताल को खुद के उपचार की आवश्यता है। अस्पताल का आपातकालीन कक्ष खुद बीमार पड़ा हुआ हैं।



सोनीपत। छत से टपक रहा पानी। फोटो :हरिभूमि

उसकी छत कई दिनों से टपक रही है। कक्ष में विभाग के आदेश पर तैयार किए मात्र एक बेड लघु आर्प्रेशन कक्ष की हालत बेहद खराब है। बेड पर भर्ती मर्जी को अपने उपचार के साथ-साथ छत से टपकने वाले पानी का ध्यान रखना पड़ रहा है। दिन-रात कक्ष से टपकने वाले पानी ने स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों की नींद उड़ा रखी है। मामला संज्ञान में आने के बाद भी प्रबंधन की तरफ से किसी प्रकार के ठोस कदम नहीं उठाएं जा रहे है। नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में पानी के टपकने की समस्या नई नहीं है। कक्ष में दिन-रात पानी टपकता रहता है। कक्ष में महज एक ही लघु आप्रेशन कक्ष है। जिसमें एक बेड आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीज के लिए रखा हुआ है। उसी बेड पर पानी टपकने से मरीज को उपचार के साथ-साथ पानी टपकने की समस्या से जूझाना पड़ता है। कक्ष में लाखों रुपये कीमत की मशीनों सहित जरूरी दवाइयां रखी रहती है। अगर गलती से मशीनों पर पानी गिरा तो मशीनें खराब होने का भय बना रहता है।

### भवन काफी पुराना

अस्पताल का भवन काफी पुराना हो चुका है। जिसको लेकर समय-समय पर जरूरी काम करवाएं जाते है। छत से पानी टपकने की समस्या का मामला संज्ञान में आया है। जल्द से जल्द मरम्मत का काम करवा दिया जायेगा। कक्ष के ऊपर लेंटर पर पानी की कहीं से लीकेज है। जिसे दुरुस्त करवाने के प्रयास किए जा रहे है। कई बार पहले भी मरम्मत का कार्य करवाया गया है। लेकिन बार-बार समस्या सामने आ रही है स्थाई समाधान के प्रयास किए जा रहे है। *डा. लोकवीर सिंह, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।*

### उपकरण चलाते समय खतरा

आपातकालीन कक्ष में महत्वपूर्ण व जरूरी उपकरण होते है। आपात स्थिति में कर्मचारी व चिकित्सक को बिजली के उपकरणों की मदद उपचार के लिए होती है। कक्ष में छत व दीवार से आ रहे पानी की वजह से बिजली की लाइन में करंट तक आने लगा है। कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मशीन का कनेक्शन बिजली के उपकरण में लगाते समय करंट लग चुका है। दीवार गीली होने के कारण उसे हाथ लगाते है, तो उसमें करंट महसूस हो रहा है। ऐसे में पानी की टपकने की समस्या कर्मचारी व कक्ष में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए परेशानी बन सकती है। समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाया गया तो बड़ा हादसा होने का डर सता रहा है।

## रचनात्मकता पर सत्र का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

गेटवे एजुकेशन शिक्षण संस्थान ने सभी छात्रों के लिए नवाचार और रचनात्मकता पर सत्र का आयोजन किया। इस सत्र के लिए प्रवर्तक डॉ. वाय्युरु अमरनाथ को आमंत्रित किया गया। डॉ. अमरनाथ की कुछ विशेषज्ञता जैसे भावुक निर्माण, नवाचार अधिवक्ता, डिजाइन और विकास, कार्यान्वयन, मूल्यांकन और निरंतर सुधार हैं। इसके साथ साथ उन्होंने जीवन में अग्रणी संस्थानों के छात्रों और इंटर्न का मार्गदर्शन और निर्देशन करना, चुनौती देने के लिए नवाचार, रचनात्मकता और 'आउट ऑफ बॉक्स' सोच को अपनाना भी सिखाया है। उन्होंने हमारे छात्रों को



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

डिजाइन और नवाचार के बारे में सोचने के तरीके पर अपनी विशेषज्ञता से सिखाया। एक छात्र जीवन में करियर के साथ कैसे आगे बढ़ सकता है और कैसे करियर और परिवार के बीच में संतुलन बना सकते है, इन सभी पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। इसके पश्चात गेटवे शिक्षण संसथान के डायरेक्टर जनरल कर्नल अमिक गर्ग ने उपस्थित जनों से अपने विचार साझा किये। प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिंघल एवं ने डॉ. वाय्युरु अमरनाथ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गेटवे कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन की प्राचर्या प्रोफेसर राधिका नागपाल और एडमिशन एवं प्लेसमेंट डायरेक्टर डॉ. आकाश गुप्ता भी शामिल रहे।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपना वोट जरूर डालें : पवन

- मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान 6 मार्च तक चलेगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

युवाओं को चुनाव में वोट डालने को प्रेरित करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 6 मार्च तक चलेगा। यह जानकारी गांव बरोदा स्थित राजकीय महाविद्यालय के उप प्राचार्य पवन लठवाल ने दी।

पवन लठवाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव में युवा मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि अपने वोट की ताकत के दम पर ईमानदार छवि के प्रत्याशी को चुनाव जिताकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना अहम योगदान दे सकते हैं। उप प्राचार्य पवन लठवाल ने कहा कि मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के अंतर्गत सभी कार्यक्रम गैर राजनीतिक होंगे। इसमें युवाओं को वोट डालने की शपथ दिलाना, कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा सोशल मीडिया पर वायरल करना, पोस्टर बांधना, कलाई पर बैंड बांधना, एनएसएस वालेंटियर्स द्वारा जागरूकता रैली निकालना और इसकी फोटो सरकार की वैबसाइट पर डालना, लघु फिल्में बनाना और संगोष्ठी के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करना आदि कार्यक्रम शामिल हैं।

## निधि और मोनिका ने जीते पदक

- बीएससी स्पोर्ट्स की छात्राओं ने जीते खेलो इंडिया गेम्स में जीते

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

बीएससी स्पोर्ट्स की छात्राओं ने जीते खेलो इंडिया गेम्स में मेडल हाल ही में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 में कॉलेज की छात्रा निधि दहिया व मोनिका ने सिल्वर व ब्रॉज मेडल हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्राचार्या डॉ. संतोष ने खिलाड़ियों के कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रवक्ता डॉ. सुमन मान ने बताया कि यह प्रतियोगिता गुवाटी (असम) में 17 से 29 फरवरी 2024 तक आयोजित हुई। जिसमे निधि ने पॉलवॉल्ट में



सोनीपत। पदक विजेता के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

3.60 में सिल्वर मेडल तथा मोनिका ने 20 किलोमीटर वॉल्क को 1 घंटा 40 मिनट में पूरा कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यपिका डॉ अल्का, सविता पहल, तथा ज्योति दहिया ने बहेतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को बधाई दी। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने छात्राओं को आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में 75वीं पुण्यतिथि मनाई

# भारत कोकिला सरोजनी नायडू को दी श्रद्धांजलि

- भारत कोकिला एवं महान स्वतंत्रता सेनानी थी सरोजिनी नायडू : सुषमा सेतिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा शनिवार को शहर के पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में सरोजनी नायडू की 75वीं पुण्यतिथि मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने सरोजनी नायडू के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन मोर्चा के निदेशक डॉ. सेतिया का रहा। अध्यक्षता सुखमणि सोसायटी गोहाना की अध्यक्ष मंजू सचदेवा ने की और संचालन मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया।

मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त उप प्राचार्या



गोहाना। सरोजनी नायडू के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते मोर्चा के सदस्य व अन्य नागरिक।

सुषमा सेतिया ने कहा सरोजनी नायडू भारत कोकिला, महान कवयित्री, कुशल राजनीतिक, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,प्रखर वक्ता एवं लेखिका, नारी शक्ति की प्रतीक, साहस और समर्पण की प्रतिमूर्ति थीं। सरोजनी नायडू को उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला राज्यपाल का गौरव भी प्राप्त है। सरोजिनी नायडू ने देश को आजाद कराने के लिए बढ़ चढकर भाग लिया उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन और असहयोग आंदोलन में सक्रिय भाग लेने के कारण जेल में भी रातें बितानी पड़ी। समारोह में नीलम जानकी, मंजू ,जन्नत, तन्नू, नरगिस रेनू, सुभाष शर्मा, कविराज, उधम सिंह तथा बलवान सिंह सहित अन्य लोगों ने सरोजनी नायडू को नमन किया।

## विजेताओं को किया सम्मानित

- खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बॉक्सर्स ने जीते तीन पदक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

गंगटोक, सिक्किम में 25 फरवरी से 28 फरवरी,तक खेलों इंडिया यूनीवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग अकादमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण व 2 कांस्य पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि 51 किलों भार वर्ग में आशीष दहिया ने अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में शिवाजी को, सेमीफाइनल मुकाबले में विशेष को व फाइनल मुकाबले में अविनाश चांदेल को हराकर स्वर्ण ,इसी भार



सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

वर्ग में विशेष दहिया ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रामनरेश को हराकर कांस्य व 75 किलों भार वर्ग में अभिमन्यु सिवाच ने अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में कुणाल को हराकर कांस्य पदक जीते। विद्यालय चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी पदक विजेता बॉक्सरों को बधाई दी और उनको भविष्य में और भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# सोनीपत शूगर मिल में ब्रेक डाउन, कई घंटे बंद रही पिराई

- अब तक 18 लाख 94 हजार क्विंटल गन्ने की पिराई हो चुकी है पूरी
- ब्रेक डाउन से पहले 3 हजार क्विंटल से अधिक गन्ने की पिराई हो गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पेराई सत्र में तेज रफ्तार से गन्ने की पेराई कर रही सोनीपत शूगर मिल में शनिवार सुबह ब्रेक डाउन हो गया। तकनीकी समस्या के समय कई घंटों तक पेराई का काम पूरी तरह से बंद रहा। जिसके चलते किसानों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद शाम को तकनीकी समस्या को दूर कर दिया गया और पिराई का काम शुरू होने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली। दरअसल, सोनीपत शूगर मिल में नवम्बर माह में पिराई सत्र शुरू हुआ था। पिराई सत्र शुरू होने के बाद अब तक मिल काफी अच्छी गति से गन्ने की पिराई कर रहा था। पिछले 24 घंटे में भी सोनीपत शूगर मिल में 21 हजार 236 क्विंटल गन्ने की पिराई की थी। वहीं शनिवार सुबह ब्रेक डाउन से पहले 3 हजार क्विंटल से अधिक गन्ने की पिराई हो गई थी। परन्तु बाद में तकनीकी समस्या पैदा होने के बाद पिराई का काम बंद हो गया। सोनीपत शूगर मिल प्रशासन द्वारा मौजूदा पिराई सत्र के लिए साढ़े 33 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई का लक्ष्य रखा है। अब तक 18 लाख 94 हजार क्विंटल गन्ने की पिराई का काम पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त एक लाख क्विंटल गन्ने को गोहाना शूगरमिल में भी ट्रांसफर किया जाएगा। ऐसे में सोनीपत शूगर मिल प्रशासन अप्रैल माह में टारगेट को पूरा करने की कवायद में जुट गया है।

### इस बार रिकवरी रेट भी हुई है बेहतर

सोनीपत शूगर मिल में भले ही शनिवार को ब्रेक डाउन की घटना की वजह से किसानों को कुछ घंटों के लिए परेशानी झेलनी पड़ी हो, लेकिन इस बार सोनीपत शूगर मिल में न सिर्फ तेजी से गन्ने की पिराई हुई है, बल्कि चीनी की रिकवरी रेट भी बेहतर हुई है। पिछले 24 घंटे में रिकवरी रेट 11 प्रतिशत रही, जोकि प्रदेश में सभी मिलों से बेहतर रही। वहीं अगर पूरे पिराई सत्र की बात करे तो सोनीपत शूगर मिल की चीनी की रिकवरी रेट 9.94 के करीब पहुंच गई है। जोकि शाहबाद शूगर मिल के बाद प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।

### 24 घंटे में रिकवरी रेट 11 प्रतिशत दर्ज

सोनीपत शूगर मिल में सुबह हल्की तकनीकी खराबी सामने आई थी, कोई बड़ा फाल्ट पैदा न हो, इसके लिए उसे तकनीकी खराबी को ठीक करने का काम किया गया है। चीनी की रिकवरी रेट इस बार काफी बेहतर है। पिछले 24 घंटे में रिकवरी रेट 11 प्रतिशत दर्ज हुई है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े, इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। **पवन, चीफ इंजीनियर, सोनीपत शूगर मिल**

## खबर संक्षेप



### भागराम ट्रस्ट का साप्ताहिक रक्तदान शिविर कल

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट अपना साप्ताहिक रक्तदान शिविर टी प्वाइंट पर सोनीपत मोड पर स्थित भगवान परशुराम चौक में लगाएगा। सोमवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक चलने वाले इस शिविर के मुख्य अतिथि समाजसेवी सोमनाथ तनेजा होंगे, अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गंगनेजा करेंगी और मार्गदर्शन 224 बार के रक्तदाता सुरेंद्र वश्विास करेंगे। रक्त के संकलन के लिए सोनीपत से रोटरी ब्लड सेंटर की टीम पहुंचेगी।

### चुनाव कार्यालय का सीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन

**खरखौदा।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्चुअल माध्यम से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सभी 90 विधानसभाओं में चुनावी कार्यालयों का उद्घघाटन किया। खरखौदा में भाजपा नेत्री मीना नरवाल के रोहतक मार्ग स्थित कार्यालय को चुनाव कार्यालय घोषित कर उद्घघाटन किया गया। विधानसभा क्षेत्र प्रभारी प्रदीप सांगवान ने फीता काट कर औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा, विधानसभा और उसमें भी खरखौदा क्षेत्र में भाजपा की जीत को सुनिश्चित बनाना है। प्रत्याशी के रूप में चेहरा चाहे जो भी हो, हमें पार्टी के निशान कमल के फूल को देखना है।

### हवन से शुद्ध होता है वातावरण : प्रो. सुदेश

**गोहाना।** बीपीएस महिला वश्विवद्यिालय में गुरुकुल कालीन परम्परा के अनुसार ही नत्यि हवन का आयोजन किया जाता है। शनिवार हवन संध्या में कुलपति प्रो. सुदेश ने गुरुकुल की पूर्व स्नातिका शांति देवी के परिवार सहित हवन में आहुति डाली। कुलपति ने कहा कि शांति देवी बहुत ही उत्साह और स्नेह के साथ छात्राओं को आशीर्वाद देने आई हैं। कुलपति ने कहा कि पूर्व स्नातिकाओं ने अपनी तपस्या से इस संस्थान को आगे बढ़ाया है।

### रोडवेज कर्मचारियों की हो रही है अनदेखी

**गोहाना।** आल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक खोखर ने कहा कि सरकार द्वारा रोडवेज कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने परिवहन मंत्री के चालक-परिचालक के पे-ग्रेड को न बढ़ाने के बयान पर नाराजगी जताई। उन्होंने कह कि परिचालकों का वेतनमान पहले वेतन आयोग में बाकी सब कैटेगरी से ज्यादा था। अब परिचालक और चालक दूसरे विभागों के कर्मचारियों से वेतनमान में बहुत पीछे हैं। रोडवेज के कर्मचारियों में रोष है। खोखर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं इस विषय पर संज्ञान लेकर परिचालकों व चालकों से न्याय करें।

## जिले में नहीं है एक भी सीनियर सिटीजन क्लब, ना ही वृद्धाश्रम की कोई व्यवस्था

# जिले में डेढ़ लाख से ज्यादा बुजुर्ग अभी तक नहीं एक भी अदद स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

धार्मिक ग्रंथों से लेकर बड़ों-बुजुर्गों की कहावतों तक में बुजुर्गों की सेवा करने को बहुत बड़ा पुण्य माना गया है। लेकिन सोनीपत शायद इस पुण्य से वंचित ही रहना चाहता है। सुनने में थोड़ा अजीब है, लेकिन इसे समझाते हैं। 16 लाख से अधिक की आबादी वाले सोनीपत में अगर प्रदेश का वरिष्ठ नागरिकों का 7.6 प्रतिशत का औसत भी गिना जाए तो जिले में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या डेढ़ लाख से अधिक हो जाती है। सीधे तौर पर 1.5 लाख के करीब बुजुर्ग सोनीपत में निवास कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में बुजुर्गों के रहते हुए भी जिले में एक अदद सीनियर सिटीजन क्लब नहीं, सरकार या प्रशासन द्वारा बेसहारा बुजुर्गों के लिये कोई वृद्धाश्रम नहीं है। नाम के लिये एक सीनियर सिटीजन क्लब सेक्टर 7 में बनाया गया था। सालों रख-रखाव के अभाव में खंडहर हो चुके इस क्लब का उद्धार भी पिछले दिनों एक सामाजिक संस्था ने ही किया था। सामाजिक संस्था ने 5 लाख रुपये की राशि खर्च कर इस क्लब का पुनर्निमाण करवाया और अब यहां वृद्धाश्रम शुरू किया गया है। इसके अलावा जिले में विभिन्न सेक्टरों में बने कम्यूनिटी सेंटरों को छोड़ दें तो जिले में कोई भी ऐसा स्थान नहीं हैं, जोकि विशेष तौर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिये ही बना हुआ हो। जिले में एक और सीनियर सिटीजन क्लब प्लानिंग में हैं, लेकिन यह भी कई किलोमीटर दूर सेक्टर 18 में प्रपोज्ड है। ऐसे में जिले के वरिष्ठ नागरिक परेशान भी है और में रोष भी है। वरिष्ठ नागरिकों की मांग है कि सरकार शहरी आबादी के आसपास ऐसी जगह दें, जहां पर वरिष्ठ नागरिक आसानी से पहुंच भी सके।




**सोनीपत।** सेक्टर 7 के क्लब को संस्था द्वारा टेकओवर करने के बाद तैयार किया गया वृद्धाश्रम। *फोटो : हरिभूमि*

### सेक्टर 7 में बनाकर दिया था क्लब

इससे पहले एचएसवीपी ने सोनीपत में सेक्टर 7 में एक सीनियर सिटीजन क्लब का निर्माण करवाया था। निर्माण के उपरांत नियमों के अनुसार इस क्लब को समाज कल्याण विभाग को सौंप दिया गया था। काफी समय पहले बनाए गए इस क्लब की हालत बेहद खस्ता हो चुकी थी, क्योंकि समाज कल्याण विभाग द्वारा क्लब पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पिछले दिनों ही आस्था हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन ने इस क्लब की देखरेख का जिम्मा लिया। इसके तहत तकरीबन 5 लाख रुपये खर्च कर इमारत को ठीक करवाया गया था, इसके बाद इसमें वृद्धाश्रम शुरू किया गया है।

### सेक्टर 18 में 0.25 एकड़ में प्रस्तावित है क्लब

एचएसवीपी सेक्टर 18 में सीनियर सिटीजन क्लब का निर्माण करवाएगी। बताया गया है कि सेक्टर की प्लानिंग में ही 24 मीटर चौड़े रोड पर 0.25 एकड़ में एक सीनियर सिटीजन क्लब के लिये जमीन आरक्षित है। इसको लेकर पिछले दिनों ही जेसीबी के जरिये इस जमीन की सफाई का कार्य भी करवाया गया था। अधिकारियों के अनुसार क्लब की जमीन नक्शे में थी और मौके पर भी जमीन चिन्हित की जा चुकी है। जब तक उच्चाधिकारियों का निर्देश प्राप्त नहीं होता, तब तक यहां पर इमारत का निर्माण नहीं करवाया जा सकता। सूत्रों के अनुसार अगर समाज कल्याण विभाग क्लब की डिमांड रखे तो इसके निर्माण कार्य की दिशा में कदम उठाए जा सकते हैं।

### शहरी इलाके में मिलना चाहिए क्लब

हमारी सबसे बड़ी समस्या आने-जाने की होती है। सदस्यों की इच्छा पर हर बार सेक्टर 14 के कम्युनिटी सेंटर में ही बैठक होती है। अगर आसपास कोई सीनियर सिटीजन क्लब हमें मिल जाता तो हम उसका रख-रखाव भी कर सकते थे। सेक्टर 7 वाले क्लब को टेकओवर करने की कोशिश की गई थी, लेकिन वहां तक पहुंचना भी हर किसी सदस्य के बस की बात नहीं थी। इसी वजह से उसे टेकओवर नहीं किया गया। अगर अब सेक्टर 18 में क्लब बनाते हैं, वो भी हमारे लिये बेकार ही होगा। सरकार को चाहिये कि सीनियर सिटीजन के लिये क्लब शहर में ही बनाए, ताकि हर बुजुर्ग आसानी से पहुंच सकें।
**इंजीनियर बीआर आहुजा, प्रधान, सीनियर सिटीजन काऊंसिल, सोनीपत**

### सरकार क्लब बनाकर दें, हम चलाने को तैयार

: समिति के बैनर तले सीमित संसाधनों के साथ किराये की जगह पर वृद्धाश्रम चलाया जा रहा है। बुजुर्गों की सेवा करने के उद्देश्य से जो वृद्धाश्रम चलाया जाता है, उसके लिये ग्रांट भी सरकार समय पर नहीं भेजती। लोगों के सहयोग से ही वृद्धाश्रम चल रहे हैं। अगर सरकार कहीं सीनियर सिटीजन क्लब बनाकर देती है तो समिति द्वारा रख-रखाव का जिम्मा उठाते हुए वहां पर वृद्धाश्रम शुरू किया जाएगा। ताकि उपेक्षित बुजुर्गों को सहारा मिल सके। **आनंद कुमार, प्रधान, समाज कल्याण समिति**

### 0.25 एकड़ जमीन सीनियर सिटीजन के लिए आरक्षित

सेक्टर 18 की प्लानिंग में ही 0.25 एकड़ जमीन सीनियर सिटीजन क्लब के लिये आरक्षित है। इस जमीन पर पिछले दिनों साफ-सफाई करवाई गई थी। संबंधित विभाग अगर क्लब की डिमांड भेजता है तो उच्चाधिकारियों के निर्देशों के उपरांत इस जमीन पर क्लब का निर्माण करवाया जा सकता है।
**विजय राठी, संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, सोनीपत**




**खरखौदा।** विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रताप स्कूल प्रबंधन।

## नेशनल वुशु कप में दो पदक जीतकर बढ़ाया मान

- 7 वां नेशनल फेडरेशन कप वुशु कप रांची, झारखंड में आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

7 वां नेशनल फेडरेशन कप वुशु कप जो कि रांची, झारखंड में आयोजित हुआ। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा की अपर्णा ने 52 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक व इशु ने 80 किग्रा में रजत पदक प्राप्त कर हरियाणा प्रदेश व प्रताप स्कूल खरखौदा का नाम रोशन किया। वुशु कोच विनोद गुलिया ने बताया कि अपर्णा व इशु दोनों ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं। अपर्णा इससे पहले 1 बार अंतरराष्ट्रीय स्तर व 5 बार राष्ट्रीय स्तर पर व इशु 8 बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करके देश व प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। भविष्य में भी ये खिलाड़ी उम्दा प्रर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ 26 प्रकार के खेलों की अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल व्यवस्था है। सभी खेलों के अभ्यास के लिए एनआइएस प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। खिलाड़ी अपर्णा के पिता जी बिजेन्द्र जो कि किसान हैं उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षा व खेलों की सुविधा के कारण ही मैंने 7 साल पहले अपनी बेटी अपर्णा का प्रवेश प्रताप विद्यालय में करवाया था। 7 वां नेशनल फेडरेशन कप वुशु कप जो कि रांची, झारखंड में आयोजित हुआ। आज अपर्णा शिक्षा में मैरिट व खेलों में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पद पदक प्राप्त कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी है। पदक विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय प्रागंण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल, संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, प्राचार्या दया दहिया, वुशु कोच विनोद गुलिया ने स्वागत किया। पदक विजेता खिलाड़ियों ने बताया कि वे प्रताप विद्यालय में सुबह-सायं वुशु कोच विनोद गुलिया की देख-रेख में खेल का अभ्यास करते हैं।

## पावर लिफ्टिंग में 2 स्वर्ण सहित जीते 3 पदक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

इंडिया पॉवर लफ्टिगिं फेडरेशन द्वारा गुजरात के सूरत में 24 से 25 फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर की पॉवर लफ्टिगिं चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस खेल अकादमी के खिलाडिय़ों ने 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक हासिल किया। शनिवार को अकादमी में पदक विजेताओं को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय पॉवर लफ्टिगिं चैंपियनशिप में अकादमी के खिलाड़ी एवं जिम संचालक सुमित उर्फ बादल ने 86 किलोग्राम भारवर्ग और सन्नी मदीना ने 83 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इन दोनों खिलाडिय़ों ने क्रमशः 270 किलोग्राम और 230 किलोग्राम भार उठाकर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। संस्था के तीसरे खिलाड़ी रिंकू मलिक मदीना ने 68 किलोग्राम भारवर्ग में 190 कीलोग्राम भार उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। शनिवार को अकादमी में पदक विजेता खिलाडिय़ों को संस्था संचालक पहलवान अजमेर मलिक, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, जिला पार्षद तकदीर नरवाल, महिला कुश्ती कोच दीपिका मलिक और टेनिस कोच सोमबीर मलिक ने सम्मानित किया।



विजेता खिलाडिय़ों को आशीर्वाद देते हुए संचालक पहलवान अजमेर मलिक।



### गोहाना में हुआ बीजेपी चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**गोहाना।** सीएम मनोहर लाल ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा प्रदेश में सभी विधानसभा कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस क्रम में गोहाना में जींद रोड पर भाजपा गोहाना विधानसभा के कार्यालय का उद्घाटन हुआ। भाजपा जिला सोनीपत के पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा को कार्यालय संचालन की जम्मिवारी सौंपी गई। तीर्थ राणा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा द्वारा विधानसभा स्तर पर कार्यालय खोले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को लेकर भाजपा काम कर रही है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। इस अवसर पर चुनाव विधानसभा प्रभारी मनोज जैन, चुनाव गोहाना विधानसभा संयोजक अरुण बड़ौक, जिला महामंत्री परमवीर सैनी, गोहाना मंडल अध्यक्ष सुमित कक्कड़, सुरेन्द्र आर्य, रमेश कश्यप, एडवोकेट सन्तराम बाल्मीकि, सुनील वत्स, राकेश कुमारी, सन्दीप जांगड़ा, मुकेश सैनी रहे।

## सामान्य कार्यकर्ता को भी मिल सकता है अहम दायित्व : राजकुमार शामड़ी

- भाजपा नेता ने कहा, मौका मिला तो लोकसभा क्षेत्र में करेंगे रिकॉर्डतोड़ विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजकुमार शामड़ी ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसमें सामान्य कार्यकर्ता को भी अहम दायित्व मिल सकता है। यहां किसी से भी भेदभाव नहीं किया जाता। मौका मिला तो सोनीपत लोकसभा क्षेत्र का रिकॉर्डतोड़ विकास किया जाएगा।राजकुमार शामड़ी पी.डब्ल्यू.डी. रैस्ट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी व सरकार की उपब्धियां गिनवा रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश न सिर्फ सुरक्षित हुआ है बल्कि विकास के पैमाने पर भी बहुत ग्राफ बढ़ा है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रत्येक जरूरतमंद को मदद मिली है। भाजपा नेता राजकुमार शामड़ी ने कहा कि वे 35 वर्ष से भाजपा के साथ जुड़े हैं, लेकिन आज तक उन्होंने कोई पद नहीं मांगा। भाजपा में धरातल पर काम करने वाले को एक दिन जरूर उसकी मेहनत के अनुसार फल मिलता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता पूरी दुनिया में बढ़ी है।



**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता में मौजूद भाजपा नेता राजकुमार शामड़ी साथ में अन्य।

### बस स्टैंड के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के बाहर से फल खरीदने आए व्यक्ति की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। वार्ड नंबर-1 जटवाड़ा निवासी सुरजीत सिंह ने बताया कि वह किसी काम के लिए गत 29 फरवरी को अपने दो-पहिया वाहन पर गया था। अपनी स्कूटी को देर शाम बस स्टैंड के सामने खड़ी करके फल खरीदने लगा। करीब 20 मिनट बाद वापिस लौटा तो उसकी स्कूटी गायब मिली। अपने स्तर पर स्कूटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## फिर एक बार मोदी सरकार के नारों के साथ खोला कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व ही देश की जनता तथा विपक्ष ने मान लिया है की तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और भाजपा अकेले दो तिहाई बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी। प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सानिध्य में खोले गए सोनीपत विधानसभा कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कविता जैन के साथ मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा नेता ललित बत्रा ने कार्यकर्ता के साथ रिबन काटकर उद्घाटन किया और लड्डू वितरित किये। कार्यकर्ताओं ने जोश से लबरेज होकर फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के जोरदार नारे लगाये। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री की काम करने की विकासात्मक शैली और सभी वर्गो के कल्याण की सोच के सामने विपक्षी दलों के हौसले पस्त हो चुके हैं और इंडी एलायंस टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर रहा है। इस अवसर पर नवीन मंगला, पार्षद इंदु वलेचा, महेश लूथरा, मुकेश सैनी, अतुल जैन मंडल अध्यक्ष मुकेश बत्रा, सुरेंद्र मदान, संजीव वलेचा, पवन स्वामी, कृष्ण भाटिया, मनोज गुप्ता, नीरज अत्रे, अनिल ठाकुर आदि रहे।



सोनीपत। विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पूर्व मंत्री साथ में भाजपा नेता राजीव जैन एवं ललित बतरा। *फोटो : हरिभूमि*

### विजेता खिलाड़ियों का पुरस्कार से किया सम्मान

## जिला चैंम्पियनशिप में झटके 3 स्वर्ण पदक

प्रतियोगिता में हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महलाना रोड, सोनीपत के छात्रों शिवम 57, कार्तिक 70 और प्रतीक ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

होली क्रॉस स्कूल में 24 और 25 फरवरी को चौथी जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महलाना रोड, सोनीपत के छात्रों शिवम 57, कार्तिक 70 और प्रतीक ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते हुए अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर स्वर्ण पदक जीते, वहीं आयुष ने 35 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

याद रहे यह प्रतियोगिता जीतने पर शिवम, कार्तिक और प्रतीक हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित हो चुके हैं, जो 7 मार्च से 10 मार्च तक भिवानी में संपन्न होगी। विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र बाल्यान, प्रधानाचार्या सुदेश बाल्यान तथा निदेशिका तमन्ना निझावन ने विजेताओं को उनकी विजय पर हार्दिक बधाइयां दी और भविष्य में इसी प्रकार मेहनत करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कोच संजय नागर और आकाश ने इस जीत का श्रेय उनकी खेल भावना व लग्नशीलता को दिया। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी का इजहार किया। प्रतियोगिता में हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महलाना रोड, सोनीपत के छात्रों शिवम 57, कार्तिक 70 और प्रतीक ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया।



विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*